# पाठ-16
# ऋतुराज बसंत
## विधा - लेख

शब्दार्थ
हर्ष - खुशी, प्रसन्नता
ऋतुराज - ऋतुओं का राजा, बसंत
ठिठुरना - सरदी से ऐंठन
मुग्ध - मोहित, आसक्त
सरोवरों - तालाबों
अभिनंदन - स्वागत

मौखिक प्रश्नोत्तर

प्र. (1) किसके आने से सभी प्राणी प्रकृति सहित हर्षित हो जाते है?
उ० (1) बसंत ऋतु के आने पर सभी प्राणी प्रकृति सहित हर्षित हो जाते हैं।

प्र० (2) बसंत पंचमी को लोग क्या करते है?
उ. (2) बसंत पंचमी में लोग नाच-गाकर, खेल-कूद कर तथा झूला-झूल कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हैं।

प्र० (3) पक्षी, जीव-जंतु किसका अभिनंदन करते है?
उ० (3) पक्षी, जीव-जंतु ऋतुराज बसंत का अभिनंदन करते हैं।

प्र० (4) बसंत ऋतु में हमें क्या करना चाहिए?
उ० (4) बसंत ऋतु में हमें प्रातः काल घूमने अवश्य जाना चाहिए। इससे बीमारियाँ दूर भागती हैं।

लिखित प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1. ऋतुराज किसे कहते हैं ?
उत्तर - ऋतुराज बसंत ऋतु को कहते है।

प्रश्न 2 भारत में ऋतुएँ कितने प्रकार की पाई जाती है ?
उत्तर भारत में ऋतुएँ छः प्रकार की पाई जाती है।

प्रश्न 3 बसंत के आने पर वातावरण कैसा हो जाता है ?
उत्तर - बसंत के आने पर वातावरण अत्यंत सुहावना हो जाता है

प्रश्न 4 फूल मनुष्य को क्या संदेश देते हैं ?
उत्तर फूल मनुष्य को संदेश देते हैं कि हमारी तरह अपने मन को खिलाकर दुनिया के समस्त दुखों एवं कष्टों को भूल जाओ।

प्रश्न 5 ठंडी - ठंडी बसंती हवा किसमें वृद्धि कर देती है ?
उत्तर - ठंडी - ठंडी बसंती हवा मनुष्य की आयु और बल में वृद्धि कर देती है।

व्याकरण

प्रश्न 1 अपने मित्र को जन्मदिन पर आमंत्रित करने हेतु आमंत्रित पत्र लिखिए

प्रिय मित्र रमेश,
5/7 विजय नगर
रतलाम (म॰ प्र॰)

मुझे यह बताते हुए हर्ष (खुशी) हो रहा है कि दिनांक 02/01/2020 को मेरा जन्मदिन है एवं इस अवसर पर शाम 7 बजे मे तुम्हे आमंत्रित करता हूँ। मैं तुम्हारी प्रतिक्षा करूँगा।

तुम्हारा मित्र
महेश वर्मा

2. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाओ-

(क) शीत के बाद **बरसात** ☐ **बसंत** ☑ आता है।

(ख) बसंत ऋतु में मौसम बहुत **सुहावना** ☑ **खराब** ☐ हो जाता है।

(ग) इस दिन लोग **पीले** ☑ **गुलाबी** ☐ वस्त्र पहनते हैं।

(घ) बसंत ऋतु एक ईश्वरीय **वरदान** ☑ **योगदान** ☐ है।

MCQ (बहुविकल्पीय प्रश्न)

3. जोड़े मिलाओ-

| | |
|---|---|
| (क) सभी ऋतुओं का राजा है। | बौर |
| (ख) सुगंधित वातावरण में घूमने से दूर हो जाती हैं। | सुबह |
| (ग) हमें उठना चाहिए। | सारी बीमारियाँ |
| (घ) बसंत ऋतु के आगमन पर आम के वृक्षों में आ जाते हैं। | बसंत |

4. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाओ- H.W

सुहावनी - ________

हरियाली - ________

फ़सल - ________

वरदान - ________

## भाषा कौशल

1. विपरीत अर्थ वाले शब्द चुनकर लिखो-

(क) हर्ष × शोक

(ख) सुगंध × दुर्गंध

(ग) ग्रीष्म × उष्ण

(घ) आरंभ × अंत

(ङ) लाभ × हानि

| |
|---|
| प्रसन्नता, शोक |
| दुर्गंध, अतिगंध |
| उष्ण, शीत |
| अंत, शुरू |
| हानि, फ़ायदा |

2. **दिए गए शब्दों को बहुवचन में बदलो-**

फल - फलों

आम - आमों

खेत - खेतों

वृक्ष - वृक्षों

मनुष्य - मनुष्यों

सरोवर - सरोवरों

3. 'चहचहा' शब्द में 'आहट' जुड़ने से शब्द बनता है- चहचहाहट।

**दिए गए शब्दों में 'आहट' जोड़कर शब्द बनाओ-**

चिल्ला + आहट = चिल्लाहट

घबरा + आहट = घबराहट

फुसफुस + आहट = फुसफुसाहट

कड़वा + आहट = कड़वाहट

बच्चो! ये सभी भाववाचक संज्ञा शब्द हैं।

## रचनात्मक कौशल

अनुच्छेद ⇒ बसंत ऋतु

**बसंत ऋतु के स्वागत में बसंत पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। यह त्योहार स्कूलों में भी मनाया जाता है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती माँ की पूजा होती है। इस त्योहार को आप कैसे मनाते हैं? दिए गए स्थान में लिखो-**

* बसंत ऋतु के स्वागत में बसंत पंचमी का त्योहार मनाया जाता है।
* यह त्योहार स्कूलों में भी मनाया जाता है।
* इस दिन विद्या की देवी सरस्वती माँ की पूजा होती है।
* लोग पीले वस्त्र पहनते है।
* घर-घर में बसंती हलवा, चावल आदि पकवान बनाए जाते है।